जनसंपर्क विभाग, अमेरिकी दूतावास
आधिकारिक पाठ्य-सामग्री
शांतिपथ, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली 110021 दूरभाषः 011.24198000 एक्सटेंशनः 8827
फैक्सः 011. 24198817 वेबसाइटः http://newdelhi.usembassy.gov

व्हाइट हाउस
प्रैस सचिव का कार्यालय

तुरंत प्रकाशन के लिए 20 सितंबर, 2009

ईद-उल-फ़ित्र के अवसर पर राष्ट्रपति का वकत्व्य

जबकि अमेरिका में और विश्वभर में मुसलमान रमादान का महीना पूरा कर रहे हैं और ईद-उल-फ़ित्र मना रहे हैं, खुशी के इस अवसर पर मिशैल और मैं अपनी व्यक्तिगत शुभ कामनाएं भेंट करना चाहते हैं. ईद 30 दिनों और रातों की भक्ति सम्पूर्ण होने का उत्सव मनाने का समय है. लेकिन उत्सव के इस अवसर पर भी मुसलमान उन लोगों को याद रखते हैं जो कम भाग्यशाली हैं जिनमें ग़रीबी, भूख, संघर्ष, और बीमारी से पीड़ित लोग शामिल हैं. इस पूरे महीने के दौरान मुस्लिम समुदाय ज़कात-उल-फ़ित्र एकत्र और वितरित करते हैं ताकि सभी मुसलमान उत्सव के इस दिवस में हिस्सा ले सकें. जैसा कि मैंने क़ाहिरा में कहा था, मेरा प्रशासन यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है कि मुस्लिम लोग केवल रमादान के दौरान ही नहीं, बल्कि सारा साल दानशीलता के अपने दायित्व पूरे कर सकें. अमेरिका की जनता की ओर से, हम अमेरिका में और विश्व भर में मुसलमानों को इस धन्य दिवस की बधाई देते हैं. ईद मुबारक.